'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 161 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए मंगलवार, 27 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

श्रीकृष्ण भगवान ने हमें हर कर्म करके दिखाया : राजेश नागर

Page 3



## विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने जनता के सामने रखा रिपोर्ट कार्ड, '10 साल-बेमिसाल' पुस्तिका का विमोचन

समाचार गेट ब्यूरो

**पंचकूला।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष एवं पंचकूला से विधायक ज्ञान चंद गुप्ता ने सोमवार को सेक्टर 5 स्थित एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने 10 साल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वे वर्ष 2014 में विधायक बने और तभी हरियाणा में भाजपा की सरकार बनी थी। इन 10 वर्षों में पंचकूला में करीब 5 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए हैं। शहर में करीब 100 बड़ी परियोजनाएं सिरे चढ़ीं हैं तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलों का निर्माण व सड़कों का जाल बिछाकर लोगों की दशकों पुरानी मांग पूरी की है। अब कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा को उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का ब्योरा जनता के सम्मुख रखना चाहिए। उन्होंने अपने कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का ब्योरा देते हुए कहा कि 1150 करोड़ से नेशनल हाईवे-73 बना है। इससे पंचकूला से लेकर यमुनानगर तक के क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदली है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग समेत क्षेत्र में 1162 करोड़ से नई सड़कें बनी हैं। इसके अलावा 99.79 करोड़ की लागत से सड़कों की रिकार्पेटिंग की गई। ग्रामीण क्षेत्र 38 करोड़ रुपये की लागत से 9 पुल बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि खटौली व अन्य गांव वासियों को तीन-तीन मुख्यमंत्रियों के आश्वासन के बाद भी टांगरी नदी पर पुल पिछले 50 साल में नहीं बना था। अब लगभग 18 करोड़ की लागत से गांव वासियों की मांग को पूरा किया है। इस दौरान उन्होंने गांवों में हुए प्रत्येक विकास कार्य का ब्योरा आंकड़ों के साथ दिया। उन्होंने इन विकास कार्यों पर प्रकाशित एक पुस्तिका का भी विमोचन किया। शहरी क्षेत्र में बड़ी परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 500 करोड़ से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित किया गया है। माता मनसा देवी प्रांगण में लगभग 20 एकड़ भूमि पर इस संस्थान का 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। सेक्टर-23 में 10 एकड़ भूमि पर 200 करोड़ रुपये से बने राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का उद्घाटन 12 जुलाई 2022 को कपड़ा मंत्री श्री पीयूष गोयल ने किया। इसका शिलान्यास तत्कालीन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने किया था। 2014 से पहले सेक्टर 6 का सिविल अस्पताल 100 बिस्तर का था। अब इसे अपग्रेड करके 500 बेड का अस्पताल बनवा दिया है। यहां एमआरआई, सीटी स्कैन, डायलेसिस, ब्लड बैंक एवं लैब, कैथ लैब जैसी सुविधाएं प्रदान की गई। यहां ओपीडी लगभग 4500 हो चुकी है। प्रसुति एवं बाल चिकित्सा हेतु सेक्टर 6 में 120 करोड़ की लागत से 11 मंजिला 200 बैड का मदर चाइल्ड अस्पताल बनवाया गया है। हरियाणा बनने के 50 वर्षों के बाद तक पंचकूला में रोडवेज डिपो नहीं था। अब यहां 87 करोड़ से रोडवेज डिपो एवं वर्कशॉप बनाई गई है। यह वर्कशॉप प्रदेश की सबसे आधुनिक वर्कशॉप है। रोडवेज डिपो में 166 बसें हैं। 62 करोड़ खर्च कर भाखड़ा कैनाल से 25 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन डलवा कर कजौली वाटर वर्क्स से पंचकूला के लोगों की पानी की प्यास बुझाने का काम किया। यह योजना 30 साल से लंबित थी। सेक्टर 32 में 55 करोड़ की लागत से 220 केवी का बिजली घर बनाया। इसके अलावा गांव टपरियां, सेक्टर 22, सेक्टर 20 में 66 केवी के सब स्टेशनों का निर्माण करवाया। यहां बड़ी संख्या में ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए और तारें बदलवाई गई। इसका परिणाम यह हुआ कि पंचकूलावासियों को 24 घंटे बिजली की सप्लाई हो रही है। सेक्टर 24, 26, 27 और सेक्टर 20 को जोड़ने के लिए घग्गर नदी पर 62.50 करोड़ की लागत से हेवी लोड ब्रिज का निर्माण जारी है। इससे घग्गर पार के लोगों के साथ-साथ पांवटा साहिब, काला अंब जाने वाले लोगों को भी सुविधा होगी। पंचकूला-जीरकपुर (कालका हाईवे) पर सेक्टर 12 ए और इंडस्ट्रियल एरिया के पास 16.40 करोड़ की लागत से पुल बनने से हजारों यात्रियों को भारी लाभ हुआ। कम से कम प्रत्येक यात्री का आधे घंटे का समय कम हुआ। कार्य 2 माह में पूरा हो जाएगा। लगभग 42 करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर 20-21 व सेक्टर 2-4 को जोड़ने वाले अंडरब्रिज से सेक्टर 20-21 वासियों की बहुत पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। इससे यहां लगने वाले जाम से छुटकारा मिलेगा। सेक्टर 19 को शहर से जोड़ने के लिए 30.55 करोड़ से रेलवे ऊपरगामी पुल बनाया गया। सेक्टर-19 के लोगों को राहत की सांस मिली। कांग्रेस के शासनकाल में तत्कालीन विधायक डीके बंसल की मांग पर पीडब्ल्यूडी मंत्री रणदीप सुरजेवाला ने इसे 'नोट फिजेबल' कहा था। भाजपा ने उनके असंभव को संभव करके दिखाया है। सेक्टर 19 स्थित सीबीआई थाने के सामने 4 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे अंडर ब्रिज भी बनाया गया। पहले लोगों को घूमकर जीरकपुर-कालका रोड से या फिर हरमिलाप नगर की फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता था। सेक्टर 3 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम परिसर में उत्तरी क्षेत्र का सबसे बड़ा 4 हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाला पूर्णत: वातानुकूलित मल्टी पर्पस स्पोर्ट्स हाल बनवाया। यहां 12 इंडोर खेलों की सुविधा प्रदान की गई। ताऊ देवी लाल स्टेडियम में 6.71 करोड़ से विश्वस्तरीय हॉकी हॉकी स्टेडियम का निर्माण किया गया है। इसमें 1300 लोगों के बैठने की क्षमता वाला हॉकी पवेलियन भी बना। रात को मैच खेलने के लिए रोशनी का उचित प्रबंध किया। दो कोर्ट वाले वातानुकूलित विश्वस्तरीय इंडोर बास्केटबाल स्टेडियम से यहां राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट का आयोजन संभव हुआ। यहां 500 लोगों के बैठने की क्षमता वाली दर्शक दीर्घा का भी निर्माण हुआ है। लगभग 18.20 करोड़ की लागत से पूर्णत: वातानुकूलित वॉलीबॉल स्टेडियम खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्तर उंचा करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। वॉलीबॉल स्टेडियम में 2 कोर्ट और 300 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।



इस अवसर पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पार्टी नेता संजय शर्मा, बंतो कटारिया, हरेंद्र मलिक समेत अनेक नेता उपस्थित रहे।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस से गठबंधन कर हमारे जवानों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है कांग्रेस : नायब सैनी

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़/रोहतक।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को विभाजनकारी दलों की विभाजनकारी सोच बताया है। रोहतक में प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कांग्रेस से 20 सवाल किए और कहा कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।





मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मु-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में धारा 370 को फिर से लागू करने और कांग्रेस द्वारा इस विषय पर समर्थन देना दोनों ही देशहित के खिलाफ है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस यह बताए कि उनकी मंशा क्या है? और क्यों वे इस विषय पर नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी का समर्थन कर रहे हैं? मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मु-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू कश्मीर की जनता के साथ भेदभाव किया है।

नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में भी कांग्रेस भेदभाव करने वाली नीति अपनाती रही है, कांग्रेस की सोच राज्य की सुरक्षा और एकता के लिए खतरा है। आज पूरा देश जानना चाहती है कि कांग्रेस बताए कि वह धारा 370 का समर्थन करने वाली पार्टी के साथ खड़ी होकर क्या धारा 370 का समर्थन करती है? उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा, कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला इस सवाल का जवाब दें।

हरियाणा की जनता कांग्रेस की विभाजनकारी नीतियों को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। हुड्डा साहब जवाब दें, क्योंकि वो बोलते रहते हैं प्रदेश में विकास नहीं हुआ और बार-बार हिसाब मांगते फिर रहे है, लेकिन भाजपा ने जो उनसे सवाल किए थे आखिर कांग्रेस उनका जवाब क्यों नहीं दे पा रही है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हुड्डा साहब को राहुल गांधी से चर्चा करके अब जवाब देना चाहिए कि हरियाणा का जवान जो देश की सुरक्षा के लिए तैयार रहता है उसे कांग्रेस की नीतियों के चलते घाटी में पत्थर सहने पड़ेंगे? मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सवाल हर उस परिवार का है, जिसने अपने बेटे को देश की सेवा के लिए सीमा पर भेजा है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी समेत कांग्रेस का पूरा परिवार आगे आकर बताएं कि क्या कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में 'नेशनल कांफ्रेंस' को जो समर्थन दिया है और अब्दुल्ला परिवार की भारत विरोधी मंशा का समर्थन किया है?

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमारे जवानों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रही है। हरियाणा से 10 प्रतिशत जवान आर्मी में है, हुड्डा साहब जवाब दें कि जो देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं, उनकी सुरक्षा का जिम्मा कौन लेगा? हरियाणा में भी कांग्रेस की विभाजनकारी नीतियों को जनता ने हर बार नकारा है, क्योंकि हरियाणा के लोग समझदार है। कांग्रेस पार्टी को और हुड्डा को अपनी गंठबंधन की नीतियों का हरियाणा की जनता के सामने स्पष्ट जवाब देना होगा।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा की जनता से अपील है कि वे कांग्रेस की विभाजनकारी नीती को फिर नकारने का काम करें। कांग्रेस के इस गठबंधन के बाद प्रदेश की जनता के सामने कांग्रेस का चरित्र भी उजागर हो गया है, कांग्रेस केवल देश की जनता को गुमराह करने का काम करती है। जब कांग्रेस की सरकार थी तो देश समस्याओं में उलझता चला गया था, लेकिन पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षा की दृष्टी से मजबूत हुआ है।

प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप जैन आदि उपस्थित रहे।

## चौधरी भजन लाल ने अपना पूरा जीवन हरियाणा के उत्थान के लिए न्योछावर किया : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़/हिसार।** कृष्ण जन्माष्टमी एवं गुरु जम्भेश्वर के 574वें जन्मोत्सव के उपलक्ष में बिश्नोई मंदिर में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रहे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिश्नोई समाज के रत्न चौधरी भजन लाल ने बिश्नोई समाज और हरियाणा के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर किया है। चौधरी भजन लाल ने बिश्नोई समाज को एकता के सूत्र में बांधकर आगे बढ़ाने का काम किया है और अब उस परंपरा को कुलदीप बिश्नोई आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान गुरु जम्भेश्वर का मानना था कि एक भी पेड़ काटना नहीं चाहिए, उन्होंने वन्य जीवों की रक्षा और उस समय समाज में फैले हुए नशे की कुरीति को समाप्त करने का काम किया है। गुरु जम्भेश्वर के बारे में बात करना सूर्य को दीपक दिखने के समान है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण में बढ़ती गर्मी को देखते हुए एक पेड़ मां के नाम से लगाने का संकल्प लिया था, उसे देखते हुए आज हरियाणा में भी हमे एक पेड़ गुरु जम्भेश्वर के नाम से लगाने का संकल्प लेना चाहिए और जब तक वह बड़ा नहीं होता उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार ने देश और प्रदेश की छवि को बदलने का काम किया है। यह हमारे गुरुओं की तपस्या का परिणाम है कि आज हमारा देश विश्व के अन्य देशों में अग्रणी बनकर खड़ा है। हरियाणा सरकार में मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल, विधायक विनोद भयाना, फतेहाबाद विधायक दुड़ाराम, रतिया विधायक लक्ष्मण नापा, पूर्व सांसद सुनिता दुग्गल, जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, मेघायल के डीजीपी एलआर बिश्नोई, पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डीपी वत्स, मेयर गौतम सरदाना, बिश्नोई समाज के प्रधान, पूर्व मंत्री छत्तरपाल आदि मौजूद रहे।



## प्रदेश भर के 1000 युवा आज रोहतक पहुंचकर लेंगे भाजपा की सदस्यता

**मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सुर्या की उपस्थिति में भाजपा करेंगे ज्वाइन**

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अपने साथ जोड़ने में जुटी हुई है। इसी के चलते मंगलवार को युवाओं को बड़े स्तर रोहतक में युवाओं को पार्टी ज्वाइन कराई जाएगी। खुद मुख्यमंत्री नायब सैनी और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सुर्या की मौजूदगी में लगभग एक हजार युवा मंगल कमल कार्यालय में पहुंचकर भाजपा में निष्ठा जताएंगे। युवा मोर्चा इस सदस्यता ग्रहण समारोह की तैयारी में लगा है। हरियाणा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अक्षित दहिया के नेतृत्व में पूरे प्रदेश से लगभग एक हजार युवा मंगलवार को सुबह ही रोहतक पहुंच जाएंगे। अक्षित ने बताया कि हरियाणा के सभी 90 हल्कों से 1000 से अधिक युवा जिनको एक लंबा छात्र राजनीति का अनुभव है, नायाब सिंह सैनी जी की नीतियों पर अपना विश्वास जताते हुए दोपहर एक बजे भाजपा का दामन थामेंगे। अक्षित ने बताया कि भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, प्रदेश प्रभारी भाजपा डा. सतीश पुनिया भी मौजूद रहेंगे।



## चुनाव से पहले ही बीजेपी ने मानी हार, डर के मारे वोटिंग की तारीख करवा रही पोस्टपोन : हुड्डा

**वोटिंग की तारीख पोस्टपोन की बजाए, प्रीपोन करवाती बीजेपी तो कांग्रेस करती समर्थन- हुड्डा**

**कौशल कर्मियों को नीति बनाकर रेगुलर करेगी कांग्रेस, देंगे उचित वेतन- हुड्डा**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** जिस तरह बीजेपी चुनाव की तारीखों को टालने की मांग कर रही है, उससे स्पष्ट है कि वह वोटिंग से पहले ही अपनी हार मान चुकी है। अगर बीजेपी को लंबी छुट्टियों को लेकर कोई चिंता थी तो उसे वोटिंग पोस्टपोन की बजाय वोटिंग प्रीपोन करने की अर्जी चुनाव आयोग के सामने लगानी चाहिए थी। अगर बीजेपी प्रीपोन की मांग करती तो कांग्रेस भी इसका समर्थन जरूर करती। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का।

पत्रकारों के सवालों का दे रहे हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की जनता कांग्रेस की सरकार लाने का मन बना चुकी है। पार्टी को जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और लगातार अन्य दलों को छोड़कर नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। यह प्रदेश की राजनीति के रुझान का स्पष्ट संकेत है। इस बार लोगों की जुबान पर एक ही नारा है- ना जात पे, ना पात पे, मोहर लगेगी हाथ पे। क्योंकि जनता भाजपा के झूठे वादों को समझ चुकी है। यह सरकार सिर्फ झूठ की दुकान की ठेकेदारी कर रही है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कौशल निगम को लेकर भी भाजपा द्वारा लगातार झूठा प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस ने स्पष्ट ऐलान किया है कि कौशल कर्मियों को ठोस नीति बनाकर रेगुलर किया जाएगा और उन्हें उचित वेतन दिया जाएगा। प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार के सवाल पर उन्होंने कहा कि बीजेपी और बीजेपी-जेजेपी सरकार के दौरान यमुना खनन, डाडम खनन, शराब, रजिस्ट्री, पेपर लीक और धान खरीद जैसे अनगिनत घोटाले हुए हैं। जिनकी जांच रिपोर्ट को सरकार ने दबा लिया है। कांग्रेस सरकार बनने पर इन रिपोर्ट्स को उजागर किया जाएगा।

यूनिफाइड पेंशन स्कीम पर हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर एचएसजीपीसी के निष्पक्ष चुनाव करवाए जाएंगे। कंगना रनौत द्वारा किसानों पर की गई टिप्पणी कि हुड्डा ने निंदा की। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा के किसान देश का पेट पालते हैं। जिम्मेदार पदों पर बैठे किसी भी शख्स को ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

## हरियाणा के 22 जिलों में 13 जिले बुरी तरह से नशे की चपेट में : कुमारी सैलजा

**भाजपा सरकार ने प्रदेश को नशे में 'उड़ता हरियाणा' में किया तब्दील**

**नशे की ओवरडोज से सिरसा ही नहीं अन्य जिलों में हो रही है युवाओं की मौत**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़, 26 अगस्त।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में नशा नासूर की तरह फैल रहा है, नशे से युवा मौत का शिकार हो रहे है तो घर के घर बरबाद हो रहे हैं।

नशा पंजाब और राजस्थान के साथ लगते हरियाणा के लोकसभा क्षेत्रों में अधिक प्रभावी है। हिसार, सिरसा, भिवानी-महेंद्रगढ़, अंबाला और कुरुक्षेत्र आदि इससे प्रभावित है, इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के साथ लगते करनाल, सोनीपत, फरीदाबाद व गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्रों में भी नशीले पदार्थ काफी बिक रहे हैं। जित दूध दही का खाणा, वह मेरा हरियाणा के नाम से पहचान बनाने वाले प्रदेश की आज की तस्वीर काफी डरावनी है। आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं। प्रदेश के कुल 22 जिलों में 13 जिले बुरी तरह से नशे की चपेट में हैं और ये जिले नशे के हॉट स्पाट बन चुके हैं। सरकार इस मामले में हाथ पर हाथ रखकर बैठी रही, अगर सरकार चाहती तो नशा तस्कर इस जमीन पर खड़े तक नहीं हो सकते थे। कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहले प्रदेश को नशामुक्त करने की दिशा में काम किया जाएगा।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि पंजाब को 'उड़ता पंजाब' के नाम से जाना जाने लगा और अब हरियाणा की भाजपा सरकार ने इस प्रदेश को नशे में 'उड़ता हरियाणा' में तब्दील कर दिया। कांग्रेस बार बार इस मुद्दे पर सरकार को चेताती रही पर सरकार नशा तस्करों पर कार्रवाई करने की बजाय कभी राहगीरी तो कभी सरकारी उत्सवों और कभी बाइक सफारी जैसी इवेंटों का आनंद लेती रही। आज सरकार का 'नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो' ये स्वीकार कर रहा है कि प्रदेश के 22 में से 13 जिले नशे की भयानक चपेट में हैं। विदेशों से नशा हरियाणा और एनसीआर क्षेत्र में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के केवल 13 जिले ही नहीं पूरा प्रदेश नशे का हब बन चुका है। सरकार को प्रदेश के युवाओं की कोई फिक्र ही नहीं है। भाजपा सरकार ने दस साल के कार्यकाल में प्रदेश को नशा, अपराध और बेरोजगारी का हब बनाकर रख दिया है। प्रदेश की जनता इनके इस कृत्य पर खून के आंसू रोने पर मजबूर है। सिरसा जिला में नशे की ओवरडोज से एक के बाद एक युवाओं की मौत हो रही है। शहरों के साथ अब गांवों में भी सिंथेटिक नशा पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नशा मुक्ति केंद्रों के हालात भी खराब हैं और प्रदेश में मनोचिकित्सकों की संख्या भी कम है। कांग्रेस ने हर बार इस मुद्दे को उठाती रही है।

नशा करने वालों में युवाओं के साथ महिलाओं की भी तादाद बढ़ी है। नशा करने वालों की ओपीडी साल दर साल बढ़ रही है। 2021 में लगभग 95863 नशा करने वाले लोग ओपीडी में पहुंचे थे। इसमें 28283 महिलाएं थीं। इनमें से 2765 लोगों को भर्ती किया गया। 2022 और 2023 में नशे के जाल में फंसने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार नशे की ओवरडोज की वजह से 2014 से लेकर अब तक 329 मौतें हुई हैं। पिछले डेढ़ साल में अकेले सिरसा जिले में ओवरडोज से 33 मौतें हो चुकी हैं जिनकी उम्र 18 से 30 साल के बीच है।

**भाजपा को देश के अन्नदाता से नफरत क्यों**

कुमारी सैलजा ने कहा कि आखिर भाजपा वालों को देश के अन्नदाता से इतनी नफरत क्यों है? भाजपा ने तो हमेशा देश के अन्नदाताओं पर झूठ, फरेब, साजिश और अत्याचार किया है। अब एक बार फिर हमारे अन्नदाताओं पर भाजपा सांसद ने अनर्गल आरोप लगाया है। क्या कंगना ने भाजपा की चुनावी रणनीति के हिसाब से किसान पर ये घटिया आरोप लगाया है? क्या कंगना के सिर्फ शब्द थे या फिर कॉपी किसी और ने लिखी है? अगर नहीं तो फिर देश के प्रधानमंत्री, हरियाणा के मुख्यमंत्री और तमाम बीजेपी सांसद-विधायक इस मसले पर खामोश क्यों हैं ?

**जातिगत जनगणना पर देश ने लगाई मुहर!**

कुमारी सैलजा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में देश के 74 प्रतिशत लोगों ने जातिगत जनगणना पर मुहर लगा दी है। दलित विरोधी और आरक्षण विरोधी भाजपा अब इसको रोकने के ख्वाब देखना बंद कर दे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही जातिगत जनगणना कराई जाएगी।

# भए प्रकट कृपाला, दिन दयाला, यशोमत के हितकारी

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** शहर में मौजूद मंदिरों में जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। चारों तरफ भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से शहर गुंजने लगा। शहर में सभी जगहों पर नंद के आनंद भयो, जय यशोदा लाल की, गोविंद बोले हरि गोपाल बोलो के जयकारों से शहर गूंज उठा। मंदिरों में देर रात भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात 12 बजे तक मंदिरों भजन-कीर्तन व बाल-गोपाल के जयकारों से गूंजते रहे। मंदिरों में आकर्षक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। कान्हा के प्रकट होने के साथ भक्तों ने दर्शन कर अपना व्रत खोला। इस दौरान न सिर्फ प्रशासन बल्कि मंदिर समितियों की ओर से भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।





### झांकियों ने मन मोहा:

तिकोना पार्क स्थित महारानी श्री वैष्णव देवी मंदिर, श्री काली मंदिर सेक्टर-22 स्थित वैष्णो देवी मंदिर, सिद्धदाता आश्रम, सैनिक कॉलोनी शिव मंदिर सहित सेक्टर-19 के श्रीरामा कृष्णा, इस्कान मंदिर, एनआईटी स्थित जगदंबा मंदिर, शिव मंदिर में रंगारंग झांकियों ने श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। तिकोना पार्क स्थित महारानी वैष्णों देवी मंदिर में जन्माष्टमी पर बनाई गई काली माता एवं श्रीकृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं कुछ मंदिरों में गीता का उपदेश देते श्री कृष्ण, भैरो बाबा व मां काली की झांकी पर भी भक्तों की नजरें टिकी रहीं। वैष्णव देवी मंदिर में 25 फीट ऊंचे झूले पर लोगों ने राधाकृष्ण को झूला झुलाया। बांके बिहारी मंदिर में श्रीराम मंदिर और भगवान राम की प्रतिमा ने लोगों को अपनी तरफ खींचा। वहीं जवाहर कालोनी स्थित राम मंदिर में वैष्णो देवी गुफा, देखने को मिली। एनएच-1 मार्केट स्थित सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म महाबीर दल में भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। एनएच-एक डी ब्लॉक स्थित अखिल भारतीय महावीर दल मंदिर में वासुदेव द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को ले जाते वक्त एवं माखन चोरी के दृश्य ने भक्तों का मन मोह लिया। वहीं मंदिरों में हजारों क्वींटल फूलों से और हजारों की संख्या में गुबारों से सजाया गया।





### कुछ जगह काटा गया कान्हा के नाम का केक:

पूरे दिन के इंतजार के बाद रात 12 बजे जैसे ही मंदिर में शंखनाद हुआ मंदिर नंद गोपाल के जयकारों से गूंज उठे। बाल गोपाल का जन्म हुआ। उनकी मूर्ति को दही, घी, गंगाजल से स्नान कराया। तिकोना पार्क स्थित वैष्णो मंदिर व काली मंदिर में इस मौके पर मेवे से बना केक काटा गया और भक्तों में वितरित किया गया। इससे व्रतधारियों ने व्रत खोला। इसके अलावा चूरमा व पंजीरी के प्रसाद भी बांटा गया।

### इस्कॉन मंदिर में मना जन्माष्टमी का भव्य उत्सव:

इस्कॉन मंदिर फरीदाबाद में भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य दिवस, जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर को ही खूबसूरती से सजाया गया था, और इस आयोजन की तैयारी 25 दिन पहले से ही शुरू हो गई थी। जिनमें प्रतिदिन कृष्ण कथा (धार्मिक प्रवचन) शामिल थे, और विभिन्न स्कूलों के बच्चों को दर्शन के लिए मंदिर में आमंत्रित किया गया था। इस दिन लगभग 1 लाख से अधिक भक्तगण फरीदाबाद और आस-पास के क्षेत्रों से भगवान के दर्शन के लिए आए। उत्सव की शुरूआत प्रात: 4:30 बजे मंगल आरती से हुई, जिसके बाद 7:30 बजे तक भगवान के पवित्र नाम हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे का जाप (जप) किया गया। भगवान के सुंदर दर्शन का आयोजन सुबह 8 बजे किया गया, जिसमें भगवान को एक मनोहारी वस्त्र और वृंदावन के कारीगरों द्वारा बनाए गए विशेष पुष्प बंगले से सजाया गया। मध्यरात्रि को भगवान का अभिषेक शुद्ध दूध, शहद, दही और फलों के रस से किया गया। मंदिर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया, जिनमें कीर्तन (भजन गायन), नाटक, और झांकी प्रस्तुतियाँ शामिल थीं, जो भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और लीलाओं को दर्शाती थीं। सैफरॉन स्कूल, सेक्टर 37 के बच्चों ने अपने नृत्य और नाटक प्रदर्शन से इस दिन को विशेष बना दिया, जो शाम 5:30 बजे से 8 बजे तक कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 37 में आयोजित किए गए।

# श्रीकृष्ण भगवान ने हमें हर कर्म करके दिखाया : राजेश नागर

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने केवल कहा नहीं बल्कि हमें हर कर्म करके दिखाया। क्योंकि वह जानते हैं कि मानव को हर बात पर शंका करने की आदत है। वह आज मान लेगा लेकिन आने वाले समय में उस पर अविश्वास करेगा। वह सेक्टर 37 स्थित इस्कॉन मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।



नागर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जन्म से लेकर लीला के अंत तक एक आम मानवीय रूप में प्रस्तुत किया। वह यही दर्शाते रहे कि जो मैं कर रहा हूं, वह आप भी कर सकते हैं। कुछ जगहों पर ही उन्होंने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया कि मानव को भरोसा हो जाए कि भगवान अपने भक्त को कभी भी अकेला नहीं छोड़ते हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि मानव को धर्मपरायण बनाने के लिए भगवान बार बार अवतार लेते हैं और अनेक बार गुरुओं के रूप में भी आते हैं। जैसे वह श्रील प्रभुपाद के रूप में हमें संदेश देने आए। नागर ने कहा कि गुरु भी भगवान का ही रूप होते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

नागर ने कहा कि बेशक आज पर्व का दिन है। फिर भी मैं इतना कहना चाहता हूं कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक धर्मपरायण सरकार चल रही है जो सभी को बराबर अवसर देने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि हमारी भाजपा सरकार ने हरियाणा की धर्मभूमि कुरुक्षेत्र से गीता महोत्सव का प्रारंभ किया है जिसे आज दुनिया भर में मनाया जा रहा है। उन्होंने मौजूद सभी भक्तों को भगवान के जन्मोत्सव की बधाई दी और धर्म के साथ खड़े रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। विधायक राजेश नागर ने सेक्टर 84 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, भूपानी स्थित श्रीकृष्णधाम मंदिर, बीपीटीपी प्राइड मंदिर सहित पंचशील कॉलोनी, अशोका एंकलेव, नया पुल बांध रोड पर आयोजित जन्माष्टमी समारोहों में भी भागीदारी की और भक्तों को भगवान के जन्मोत्सव की बधाई दी।

# सराय ख्वाजा विद्यालय द्वारा जन्माष्टमी पर्व पर कार्यक्रम आयोजित

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सदस्य छात्र छात्राओं ने श्री कृष्ण और श्री राधा का मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया तथा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवम भाव भंगिमाओं का सजीव चित्रण करते हुए मंचन किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण और श्री राधा के विभिन्न लीलाओं का बाल रूप में चित्रण और मंचन करते हुए सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि श्री कृष्ण का जन्म अराजकता के समय में हुआ था। यह एक ऐसा समय था जब कंस जैसे राक्षसों और अधर्मियों का उत्पीड़न चरम पर था तथा सामान्य जनों को स्वतंत्रता से वंचित किया गया था बुराई प्रत्येक स्थान पर व्याप्त थी और



उन के मामा राजा कंस द्वारा उन के जीवन के लिए खतरा था। श्री कृष्ण जी ने अत्याचारी और अन्याई कंस का वध कर के समस्त क्षेत्र को निर्भय कर दिया। रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर घरों में उत्सव का वातावरण रहता है। जन्माष्टमी पर्व पर भक्त श्रीकृष्ण की पालकी सजाते हैं और झांकियां भी निकाली जाती हैं। लड्डू गोपाल के जन्मोत्सव पर लोग प्रभु से स्वस्थ, सुखी और संपन्न जीवन प्राप्ति की कामना करते हैं। दूसरों को भी इस विशेष दिन की शुभकामनाएं देते हैं। विद्यालय में सभी अध्यापकों, स्टाफ सदस्यों और छात्र एवम छात्राओं ने भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाले पर्व जन्माष्टमी के महत्व से सभी को अवगत करवाया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने सभी जूनियर रेडक्रॉस सदस्यों, प्राध्यापकों, अध्यापकों, छात्रों छात्राओं सहित समस्त स्टाफ सदस्यों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब को भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को जीवन में समाहित कर अपना जीवन सफल बनाना चाहिए तथा सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रयासरत रहते हुए श्रेष्ठ कार्यों का संपादन करते हुए जीवन में अग्रसर रहना चाहिए।

# धरने का 317वें दिन मंत्री ने दिया 15 सितंबर तक का समय



(मोहना धरने पर बैठे लोगों से मिलते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर संग में प्रदेश प्रवा विजेन्द्र नेहरा और दीपक डागर व अन्य) फोटो— समाचार गेट

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** मोहना गांव में 317वें दिन भी धरना जारी रहा। कृष्णजन्माष्टमी के दिन सर्वसम्मति से धरने के 317वें दिन के अध्यक्ष डीके शर्मा पन्हेड़ा को सभा अध्यक्ष बनाया गया।

सभी धरनार्थी व धरना कमेटी और पांच गावों की सरदारी के सदस्य लगभग धरना स्थल से पूर्व निर्धारित समय पर केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से मिलने के लिए फरीदाबाद के लिए निकले। वहां पहुचने पर मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सरदारी को पूर्ण आश्वासन दिलाया कि आने वाले 15 सितंबर से पहले आप सबको मोहना में उतार चढ़ाव सबूत के साथ भेंट कर दिया जाएगा और धरना स्थल पर आकर लोगों का मुह मीठा कराएंगे और साथ में खुशी के लड्डू मंत्री जी साथ खाएंगे। क्योंकि मोहना और आसपास का क्षेत्र उनका अपना क्षेत्र है जिसके लिए ग्रीन एक्सप्रेस वे पर उतार चढाव से विकास के नये रास्ते खुलेंगे। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष ईश्वर नंबरदार और मंच संचालक सतबीर सिंह मैनेजर सहित युवा शक्ति एवम धरना स्थल पर बैठी हुई समस्त इलाके की सरदारी मुख्य रूप से मौजूद रही। डीके शर्मा ने कहा कि जब तक उन्हें कट बनाने के कागजात नहीं मिल जाते तब तक यह धरना जारी रहेगा। इस दौरान उन्होंने अपने विचार रखे और धरने को शान्ति पूर्ण तरीके से चलाने का आदेश दिया और यह भी निर्णय लिया कि कोई भी अपने विचार रखे तो किसी व्यक्ति विशेष और पार्टी के खिलाफ नहीं बोलेगा।

**317 दिनों से चल रहा धरना:**

जेवर एयरपोर्ट तक बन रहे ग्रीन एक्सप्रेस-वे पर कट बनाने की मांग को लेकर अब बल्लभगढ़ के मोहना गांव और आसपास के इलाकों के सरपंचों और किसानों ने किसान एवं मजदूर संघर्ष समिति के बैनर तले धरना प्रदर्शन 15 अक्टूबर 2023 से शुरू किया था। धरनास्थल पर बैठे सरपंच और पंचों का कहना है कि पिछले साल 3 मई 2022 को बल्लभगढ़ में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए मुख्यमंत्री ने सरेआम घोषणा की थी कि मोहना गांव में ग्रीन हाईवे पर कट (उतार-चढ़ाव का रास्ता) बनाकर दिया जाएगा, लेकिन अब इस कट को नोएडा की तरफ बनाने का फैसला कर दिया गया है, ताकि वहां के बिल्डरों को फायदा हो सके। बता दें कि जेवर एयरपोर्ट तक ग्रीन हाईवे का निर्माण किया जा रहा है, जिसको लेकर क्षेत्र के किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीनों का भी अधिग्रहण किया गया है। पिछले साल फरीदाबाद आए मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि गांव मोहना में उतार-चढ़ाव के लिए एक कट दिया जाएगा। इसके बाद किसानों ने अपने क्षेत्र के विकास को लेकर खुशी का इजहार किया था, लेकिन एकाएक अब इस कट को कैंसिल कर दिया गया है। जिसको लेकर किसानों में भारी गुस्सा सरकार के प्रति है। गांव के वरिष्ठ पंच और सरपंचों ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णापाल गुर्जर पर संगीन आरोप लगाए। कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट रहे हैं।

**मांग होगी पूरी:**

धरने को लेकर मंत्री के निवास पर पहुंचे किसानों के विषय में जब बीजेपी के प्रदेश प्रवा व पृथला विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी के नेता बिजेन्द्र नेहरा और दीपक डागर से बात की गई, तो उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि मंत्री जी ने जो कहा है, वह होगा।

# धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने से मिलती है आत्मिक शांति : लखन सिंगला



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर सेक्टर-9 स्थित सनातन धर्म मंदिर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने शिरकत की और यज्ञ में आहुति डालकर समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर लखन सिंगला ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेने से मनुष्य को शारीरिक व आत्मिक शांति मिलती है, इसलिए समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज मनुष्य धन-वैभव की ओर दौड़ रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि आत्मिक सुख परमात्मा की भक्ति में है इसलिए हम सभी को प्रतिदिन परमात्मा की अराधना करनी चाहिए, मन-मस्तिष्क अच्छा रहे और अच्छे विचारों के साथ हम अपने समाज में अच्छे कार्य करते रहे। इस मौके पर उन्होंने सभी को जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी और इस त्यौहार को भाईचारे व एकता के साथ मनाने का आह्वान किया।

मंदिर के प्रधान रमेश मलिक ने बताया कि जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है, भगवानों की भव्य झांकियां बनाई गई है, जिन्हें रात्रि में श्रद्धालु देखने आएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार जन्माष्टमी पर्व को भव्य बनाने के लिए मंदिर कमेटी के सदस्यों ने अथक मेहनत व प्रयास किए है। इस अवसर पर वासुदेव अरोड़ा, संजय मक्कड़ , ताराचंद मंगला, पंकज अग्रवाल, रवि चौधरी, सुनील गक्खड़, कृष्णा संधू, अजय अग्रवाल, सुनील आनंद, आशीष नरुला,अजय सिक्का, एनके गर्ग, आरसी करोच, नवीन गुप्ता, प्रभ खट्टर, आरसी चांदना सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## संपादकीय

### एकमात्र ऐसे नेता हैं जो युद्ध के बीच रूस और यूक्रेन, दोनों जगह हो आये हैं



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यूक्रेन दौरा कई मायनों में अहम रहा। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यूक्रेन यात्रा भर नहीं थी बल्कि मोदी से पहले शायद ही किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने किसी युद्धग्रस्त देश की यात्रा की होगी। यही नहीं, मोदी ही पहले ऐसे भारतीय प्रधानमंत्री भी हैं जिन्होंने दो देशों के बीच चल रहे युद्ध को शांत करवाने के लिए बढ़-चढ़कर प्रयास किये हों। इसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की शानदार मिसाल नहीं तो और क्या कहेंगे कि मोदी एक तरफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मित्रता निभा रहे हैं तो दूसरी ओर युद्ध से त्रस्त और पस्त यूक्रेन को मानवीय मदद भी मुहैया करा रहे हैं। यही नहीं, आप दुनिया के किसी भी देश को देख लीजिये या तो वह यूक्रेन के साथ है या रूस के। लेकिन मोदी के नेतृत्व वाला भारत दोनों देशों के साथ खड़ा है। मोदी से पहले दुनिया के बड़े-बड़े राष्ट्राध्यक्षों ने भले युद्धग्रस्त यूक्रेन का दौरा किया हो लेकिन भारतीय प्रधानमंत्री पहले ऐसे विश्व नेता बन गये हैं जो युद्ध के बीच रूस और यूक्रेन, दोनों जगह हो आये हैं और दोनों ही जगह उन्होंने शांति का संदेश दिया है।

देखा जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा पर दुनिया भर की निगाहें रहीं। खास बात यह रही कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात के निर्देश दे रखे थे कि जब तक मोदी यूक्रेन में हैं तब तक वहां कोई हमला नहीं किया जाये। इसके चलते आज यूक्रेन में दिन भर कहीं भी सायरन की आवाज नहीं सुनाई दी बल्कि अमन और चैन नजर आ रहा था जिसके चलते यूक्रेनी जनता खुश नजर आ रही थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था तब प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर ही युद्ध को कुछ समय के लिए रोका गया था ताकि भारतीय छात्र और नागरिक सुरक्षित रूप से वहां से निकल सकें।

आज जब गांधी और महात्मा बुद्ध की धरती के प्रधानमंत्री युद्धग्रस्त देश पहुँचे तो अमन का पैगाम लेकर गये। उनके स्वागत को आतुर हर व्यक्ति यही उम्मीद कर रहा था कि मोदी ही रूस को समझा सकते हैं और इस क्षेत्र में स्थायी शांति ला सकते हैं। खुद राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की जिस बेसब्री के साथ मोदी का इंतजार कर रहे थे और जिस तरह रूस के द्वारा दिये गये जख्मों को मोदी को दिखा रहे थे उससे साफ प्रकट हो रहा था कि जेलेंस्की की आखिरी उम्मीद भी मोदी ही हैं। जेलेंस्की के कंधे पर हाथ रखे मोदी जब यूक्रेन में तबाही का मंजर देख कर भावुक हुए तो यूक्रेनवासियों को भी लगा कि हमारे दर्द को समझने वाला कोई विश्व नेता आ गया है।

वैसे राजनीतिक हलकों में प्रधानमंत्री की कीव यात्रा को कूटनीतिक संतुलन के तौर पर भी देखा जा रहा है, क्योंकि उनकी रूस यात्रा से पश्चिमी देशों में नाराजगी पैदा हो गई थी। उल्लेखनीय है कि कीव की यात्रा से लगभग छह सप्ताह पहले मोदी ने रूस की यात्रा की थी, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ संघर्ष समाप्ति के मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श किया था।

### जुआ खिलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने जुआ खिलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रोहित संजय एनक्लेव पर्वतीय कॉलोनी सेक्टर-22 का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी रोहित को पल्ला एरिया से काबू किया है आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 10100 रूपए, एक सट्टा पर्ची, एक बाल पेन, कार्बन पेपर बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में जुआ खिलाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

### शराब की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नवीन वासी सागर शनि देव चौक सेक्टर-18 ओल्ड फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से ओल्ड फरीदाबाद एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 12 बोतल देसी शराब मार्का मोटा, 36 पव्वे देसी शराब मार्का संतरा के बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ थाना ओल्ड फरीदाबाद में शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### देसी कट्टा रखने का आरोपी काबू

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने देसी कट्टा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी भोले सिंह, गांव तिलपत पल्ला का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नया पुल पल्ला एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ बताया कि आरोपी देसी कट्टे को दिल्ली के संगम विहार के रहने वाले व्यक्ति से 3000 रूपए में हवा बाजी के लिए खरीद कर लाया था। जिस व्यक्ति से कट्टा खरीदा गया उसकी मृत्यु होनी पाई गई है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### 1 किलो गांजा सहित महिला गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अपराध शाखा एवीटीएस की टीम के द्वारा नशा तस्करी करने वाली महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला आरोपी राजीव कॉलोनी बल्लभगढ़ सेक्टर 58 की रहने वाली है। अपराध शाखा टीम ने आरोपी महिला को अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से राजीव कॉलोनी बल्लभगढ़ से काबू किया है। महिला से 1,008 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। जिसके खिलाफ थाना सेक्टर-58 में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। जिसने पूछताछ में बताया कि गांजा बेचती है। नशीले पदार्थ पति खरीद कर लाता है। महिला पर पूर्व में भी नशा तस्करी का मामला दर्ज है। जिसको पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### वाहन चोर गिरफ्तार, ऑटो बरामद

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। वाहन चोरी करने वाले आरोपी को क्राईम ब्रांच सैन्ट्ल ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सुनील वासी नवलू कॉलोनी बल्लबगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से चंदीला चौक बीपीटीपी से थाना आदर्श नगर के चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ के दौरान चोरी के ऑटो को दिल्ली नांगलोई से बरामद किया गया है। आरोपी पर पूर्व में भी चोरी का मामला दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# राजनीति के माध्यम से जनसेवा में जुटा गोयल परिवार : अमन गोयल

## युवा भाजपा नेता ने जन्माष्टमी महोत्सव में की शिरकत



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। पूर्व उद्योग मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल के भतीजे और युवा भाजपा नेता अमन गोयल ने यादव सभा द्वारा आयोजित भव्य जन्माष्टमी महोत्सव में हिस्सा लिया। इस शुभ अवसर पर, उन्होंने सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और यादव समाज के प्रति अपनी श्रद्धा और प्यार प्रकट किया। इस मौके पर अमन गोयल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यादव समाज से हमें हमेशा असीम स्नेह और आशीर्वाद मिला है और विपुल गोयल हमेशा इस समाज के प्यार के ऋणी रहेंगे। अमन गोयल ने कहा की आप सभी के सहयोग और समर्थन ने हमेशा गोयल परिवार को राजनीति के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है और हम इस भरोसे को बनाए रखने के लिए संकल्पित हैं। अमन गोयल ने अपने सम्बोधन में आगे कहा की यादव समाज के कल्याण और विकास के लिए विपुल गोयल ने हमेशा तन-मन-धन से सेवा की है और भविष्य में भी इस सेवा को जारी रखेंगे। अमन गोयल ने यादव समाज के संगठनों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की भी प्रशंसा की, जिन्होंने समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यादव समाज को जिस भी सहायता की आवश्यकता होगी, वह उन्हें जरूर उपलब्ध कराई जाएगी। महोत्सव के दौरान, अमन गोयल ने कहा की जन्माष्टमी का यह पर्व हमें आपसी सद्भाव और एकजुटता का संदेश देता है और हजारों की संख्या में बैठा जन समूह यादव समाज की एकजुटता का परिचय देता है और इस एकजुटता को बनाए रखने में यह समाज सबसे अग्रणी है। इससे पहले संस्था के प्रधान हरी बाबू यादव और देवेंद्र यादव ने युवा भाजपा नेता अमन गोयल का मंच पर फूल मालाओ, शॉल ओढ़ाकार और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित भी किया।

# भाजपा सरकार बाप-बेटे की सरकार है : नीरज शर्मा

## सेक्टर-55 में समाजसेवी प्रदीप राणा ने किया विधायक का स्वागत



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। एनआईटी विधानसभा के सैक्टर-55 में एक सम्मान एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्रत्याशी एवं समाज सेवी प्रदीप राणा ने की। इस दौरान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए नीरज शर्मा ने कहा कि यह सरकार बाप-बेटे की सरकार है। क्षेत्र में कहीं भी विकास नहीं हुआ परन्तु जहां बाप-बेटे का फायदा हुआ वहां विकास हुआ। उन्होंने बताया कि सैक्टर-55 में विकास के नाम पर भाजपा ने कोई विकास कार्य नहीं करवाया था जबकि पूर्व मंत्री स्व0 शिवचरण लाल शर्मा जी के कार्यकाल में सीवर की लाईन डाली गई, अस्पताल की बिल्डिंग का कार्य करवाया गया परन्तु 2014 में भाजपा सरकार आने के पश्चात वह चालू नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि अधूरे पड़े अस्पताल को मैंने अपने कार्यकाल में चालू करवाया व सड़कों का विकास हुआ। नीरज शर्मा जी ने कहा कि मैं राम का भक्त हूं, मुझे बेइमानी करनी नहीं आती एवं मैं धर्म के आधार पर जनता का प्रतिनिधी नहीं बनना चाहता, यदि एनआईटी-86 में विकास कार्य करवाने हैं तो मुझे अपना समर्थन देकर विकास करवाएं। उन्होंने उपस्थित लोगों को वायदा करते हुए कहा कि स्व0 शिवचरण शर्मा जी ने एक कॉलेज बनवाया था, मैं दूसरा कॉलेज बनवाऊंगा और उनका नाम रौशन करूंगा। नीरज शर्मा ने सभी का धन्यवाद करते हुए पूर्ण समर्थन का निवेदन किया। इस मौके पर प्रदीप राणा ने कहा कि यह सम्मान समारोह विधायक नीरज शर्मा जी को आगामी चुनाव में अपना पूर्ण समर्थन देने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि विधायक नीरज शर्मा के लिए फरीदाबाद की जनता को कितना प्रेम है कि इतनी गर्मी में भी उनके सम्मान के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। उन्होंने समारोह में उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि एनआईटी विधानसभा में विकास करवाना है तो हम सभी को मिलकर विधायक नीरज शर्मा जी को ही विजयी बनाना है। सैक्टर-55 में चल रही पानी की समस्या से भी नीरज शर्मा को अवगत करवाया। समाज सेवी प्रदीप राणा व मंच पर उपस्थित सभी गण्यमान्य लोगों का धन्यवाद करते हुए विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि केवल एन0आई0टी0 विधानसभा से करोड़ों का टैक्स सरकार को जाता है फिर भी विकास के लिए सरकार ने कुछ नहीं किया। इस मौके पर ओपी गुप्ता, जगदीश कौशिक, पूर्व मेयर मुकेश शर्मा, पार्षद महेन्द्र सरपंच, पार्षद जयवीर खटाना, दयाशंकर गिर, राम मेहर, ललित भारद्वाज, मुकेश डागर, रविन्द्र तिवारी, राव नरेश, जेसी कौशिक, रमेश भारद्वाज सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# व्यापारी से मारपीट, दुकानें बंद कर धरने पर बैठे दुकानदार



समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ विधानसभा के मेन बाजार में रविवार देर रात असामाजिक तत्वों ने एक व्यापारी पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसी के विरोध में बल्लभगढ़ बाजार के सभी व्यापारी धरने पर बैठ गए हैं। देर रात फाइव स्टार यूनिफॉर्म के दुकान के मालिक सुरेंद्र बंसल ने दुकान के सामने रेहड़ी लेकर खड़े एक युवक को वहां से हटाने के लिए कहा। इस बात पर युवक उनसे गाली गलौज करने लगा, फिर वहां से चला गया, कुछ देर बाद युवक अपने पांच से छह साथियों के साथ आया। फिर सुरेंद्र बंसल की दुकान में घुसकर उनसे मारपीट शुरू कर दी। जिसमें सुरेंद्र बंसल के बेटे तरुण बंसल और उनके साथ खड़े युवक को भी बीच बचाव करते हुए चोट आई। मारपीट करने के बाद सभी बदमाश वहां से भाग निकले। जिसकी सूचना सुरेंद्र बंसल ने स्थानीय पुलिस को दी पुलिस द्वारा सही तरीके से कार्रवाई न होने पर सभी व्यापारियों में घटना से आक्रोश है। आज सुबह सभी व्यापारियों ने दुकानों को बंद कर धरने पर बैठ गए। सभी व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने पुलिस थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर तक अपनी शिकायत बाजार में हुए अतिक्रमण को लेकर दी हुई है, लेकिन प्रशासन उस अतिक्रमण को हटवाने में नाकामयाब है और यही कारण है कि देर रात असामाजिक तत्वों ने इसी के चलते व्यापारियों पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से प्रशासन का रवैया है, उससे ये लगता है कि नेता और अधिकारी न तो उनकी बात सुन रहे हैं और ना ही उनकी समस्या का कोई स्थायी समाधान कर रहा है। अगर यही हाल रहा, तो आने वाले विधानसभा चुनाव में वह बहिष्कार करेंगे। सभी व्यापारी चाहते हैं कि मेन बाजार से अतिक्रमण हटवाया जाए। जिससे आने-जाने लोगों को कोई परेशानी ना हो।

# शिक्षा पर सेमिनार का आयोजन

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। सेक्टर 16 स्थित किसान भवन में कक्षा 11 एवं 12 पर वेलडन क्लासेज द्वारा एक सेमिनार पर आयोजन हुआ। इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा पर जागरूक करना विशेष कर फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं मैथ विषय पर सेमिनार में सुप्रसिद्ध शिक्षक श्री अनूप कुमार ने फिजिक्स विषय पर, केमिस्ट्री पर कुमारी श्वेता एवं श्री दिनेश कुमार ने मैथ विषय पर अपनी प्रस्तुति विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के समक्ष दी जिसे सेमिनार में उपस्थित सभी ने सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् श्री चंद्र भानु जी आर्य ने वेलडन क्लासेज के इस सेमिनार की सराहना की। विशेषकर शिक्षकों के पढ़ाने के तरीके की बहुत प्रशंसा की। इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्तियों के अलावा सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि दीपक गुप्ता उपस्थित थे। आए हुए सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का वेलडन क्लासेज के संस्थापक युगल मित्तल एवं डायरेक्टर रोहन मित्तल आईआईटी रुड़की, सागर मित्तल आईआईटी दिल्ली, गौरांगी मित्तल स्नाकोत्तर अर्थशास्त्र एवं डॉक्टर सौम्या मित्तल ने सम्मान किया।

### वाहन चुराने के आरोपी से 6 स्कूटी व 1 बाइक बरामद

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रहीश फ्रंटियर कालोनी एनआईटी का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से बडखल झील के पास से स्कूटी चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में थाना सूरजकुण्ड, सेंट्रल एवं कोतवाली के एरिया से वाहन चोरी की 7 वारदातों का खुलासा हुआ। जिसमें आरोपी से रेलवे लाईन पॉवर हाउस के पास से 6 स्कूटी व एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी ने बताया कि सभी स्कूटी व मोटरसाइकिल को मेवात में ले जाकर बेच देता। जिसको को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपी पर थाना सूरजकुंड व सेंट्रल में 1-1 तथा कोतवाली में 4 चोरी के मामले दर्ज हैं। जिससे अन्य वारदातों का खुलासा हुआ है।

### शराब तस्करी करने वाला गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अपराध शाखा एवीटीएस के द्वारा शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी मोहनपाल उर्फ पल्लू राजीव कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-56 झुग्गी से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से मौके पर 38 बोतल देसी शराब बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ शराब तस्करी की धाराओं में थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने शराब को फरीदाबाद में अलग-अलग ठेकों से खरीद कर इका किया था। आरोपी शराब को फुटकर में बेचकर मुनाफा कमाता। आरोपी पर पूर्व में भी शराब तस्करी के मामले दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### जिला में विभिन्न स्थानों से प्रचार सामग्री निरंतर हटवाई जा रही



समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशन में लगातार जिला फरीदाबाद में प्रशासन द्वारा प्रचार सामग्री हटाने की कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में सोमवार को आदर्श आचार सँहिता के तहत फरीदाबाद के विभिन्न स्थानों पर लगी हुई प्रचार सामग्री एवं राजनीतिक गतिविधियों से संबंधित पोस्टर और बैनर हटाये गए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि बिना अनुमति के राजनीतिक गतिविधियों से सम्बंधित प्रचार सामग्री लगाने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। जाति, धर्म या संप्रदाय पर टिप्पणी करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। आयोग के निर्देशानुसार सभी को चुनाव आचार सँहिता की पालना करना जरूरी है। आदर्श आचार सँहिता लागू होते ही जिले में रेलवे स्टेशन रोड़, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सड़क मार्ग, सरकारी बसों, बिजली खंभों, सरकारी भवनों से बैनर, झंडे को हटाने का काम भी शुरू हो गया है। जिसके तहत आज सोमवार को शास्त्री कॉलोनी, गोपी कॉलोनी, बंगाल सूटिंग सेक्टर-15, सेक्टर-16, पल्ला, इस्माईलपुर रोड़, बसंतपुर, नगर निगम ओल्ड जोन सहित अन्य स्थानों पर जो भी पोस्टर और बैनर लगे थे उनको हटवा गया है।

सम्बंधित अधिकारीयों का कहना है कि कई जगह टीम लगाकर होर्डिंग्स को हटवाया जा रहा है। जहां आदर्श आचार सँहिता के उल्लंघन की शिकायत आ रही थी। वहां दोबारा टीम भेज कर होर्डिंग्स को हटवाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी की निर्देशानुसार यदि इसके बावजूद भी आदर्श आचार सँहिता का उल्लंघन होता पाया गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एक्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### कोलकाता कांड के विरोध में बल्लभगढ़ में निकाला कैंडल मार्च

#### आरोपियों को फांसी दिए जाने की की मांग



समाचार गेट ब्यूरो

बल्लभगढ़। कोलकाता के आरजी मेडिकल कॉलेज में महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद की गई हत्या के विरोध में रविवार रात को शहर के सामाजिक संगठन ने कैंडल मार्च निकालकर आक्रोश व्यक्त किया। घटना के दोषियों को फांसी की सजा दिलाए जाने एवं पीड़ित के आश्रितों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की।

कैंडल मार्च का नेतृत्व करने वाले सांई राम आसरा ट्रस्ट के चेयरमैन एडवोकेट बृजमोहन वशिष्ठ व प्रधान एडवोकेट राखी चौहान ने कहा कि महिला डॉक्टर की हत्या का पूरे देश में जमकर विरोध हो रहा है। इस विरोध के चलते लोग सड़कों पर उतरकर महिला डॉक्टर के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं। इसी विरोध के चलते उन्होंने लोगों के साथ मिलकर शहर में कैंडल मार्च निकाला है। कैंडल मार्च भाटिया कॉलोनी से चलकर, अग्रसेन चौक, मेन बाजार से होते हुए आंबेडकर चौक पर डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर पहुंचा। इस दौरान मार्च में शामिल होने वालों ने दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस कांड ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इन घटनाओं पर सरकार नियंत्रण नहीं लगा पा रही है। महिलाओं का उत्पीड़न प्रतिदिन बढ़ रहा है। कठोर कानून न होने से अपराधियों के हौसले बुलंद है। इसलिए सरकार को कठोर कानून लाना चाहिए।

कैंडल मार्च में अंजू सहरावत, सरोज, शोभा यादव, रूबी, सुमन, हेमलता, बीनू, आकाश, लोकेश चौहान, संजय चौहान, जगदीश, राजू मौर्या, शारदा देवी, मनवीर व संगीता आदि मौजूद रहीं।

# भुपेंद्र हुड्डा से नितिन सिधनवा ने दिल्ली में की मुलाकात



**सिवानी सोनिका सूरा**
लोहारू काँग्रेस के युवा नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन सिधनवा ने हरियाणा के पुर्व मुख्यमंत्री चौधरी भुपेंद्र हुड्डा से दिल्ली आवास पर एक दर्जन युवाओं के साथ मुलाकात की इस दौरान नितिन सिधनवा ने हरियाणा के पुर्व मुख्यमंत्री चौधरी भुपेंद्र हुड्डा को पिछले 10 वर्षों में कांग्रेस पार्टी के लिए किए गए संघर्ष की विस्तृत जानकारी की रिपोर्ट फाईल चौधरी भुपेंद्र हुड्डा को सौंपी और हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर राजस्थान की तर्ज पर वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग को उनके सामने रखा इस दौरान नितिन सिधनवा के साथ एक दर्जन युवाओं ने चौधरी भुपेंद्र हुड्डा से मुलाकात की युवा कांग्रेस नितिन सिधनवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा हरियाणा में आने वाला समय कांग्रेस का है और हरियाणा में चौधरी भुपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में पुर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगे और हरियाणा में पिछले 10 वर्षों से थमे हुए विकास कार्यों के पहिए को दोबारा से गति प्रदान करेंगे ।

## एसडीओ कार्यालय से सामान चोरी करने के आरोपी सहित कबाडी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कनीना सुनील दीक्षित**
कनीना में पंचायती राज विभाग एसडीओ के कार्यालय से सामान चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों को काबू किया है। डीएसपी दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी कंवर सिंह वासी कपूरी, कनीना और औने-पौने रेट में चोरी का सामान खरीदने वाले कबाडी वेदप्रकाश वासी कपूरी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के चंगुल से चोरी किये गए कूलर,5 कुर्सियां , इंवर्टर-बैटरी की रिकवरी की गई है वहीं वारदात में प्रयोग की गई बाईक को भी कब्जे में लेकर जब्त किया है। शिकायतकर्ता पुरुषोतम वासी नाहड, जिला रेवाड़ी ने थाना शहर कनीना में चोरी की शिकायत देते हुए बताया था कि वह कनीना में पंचायती राज विभाग के एसडीओ के पद पर कार्यरत है। उनका कार्यालय पशु अस्पताल के साथ बना हुआ है। 17 से 19 अगस्त तक छुट्टी के दौरान उनका कार्यालय बंद था। 20 अगस्त को कार्यालय खोला वहां से उपरोक्त सामान गायब मिला। पुलिस ने चोरी करने वाले तथा चोरी का सामान खरीदने वाले व्यक्ति को काबू कर न्यायालय में पेश किया जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## पंजाबी भवन में मना जन्माष्टमी महोत्सव : मलिक

**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पंजाबी समाज रेवाड़ी के बैनर तले पंजाबी महिला मोर्चा द्वारा समाज में सुख-समृद्धि का संदेश देने के लिए पंजाबी भवन में श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। पंजाबी समाज के अध्यक्ष एडवोकेट सचिन मलिक ने पंजाबी महिला मोर्चा की सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज में सद्भाव बढ़ता है। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंजाबी महिला मोर्चा की सदस्यों द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। अपने स्वागत भाषण में एडवोकेट सचिन मलिक ने कहा कि पंजाबी समाज समाज की भलाई के लिए हर तरह के प्रयास कर रहा है और इसी दिशा में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पंजाबी महिला मोर्चा हर साल पंजाबी भवन में 3-4 कार्यक्रम मनाता है। इस कार्यक्रम में वृदांवन से आए प्रसिद्ध कलाकार गौरांग दास द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। महिला मोर्चा की महिला सदस्यों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को यादगार बनाया। इस कार्यक्रम में कृष्ण जी के विभिन्न स्वरूपों को दिखाया गया, जिसमें कृष्ण का वास्तविक चित्रण किया गया। महिला मोर्चा की सभी सदस्याओं ने गौरांग दास के गीतों पर नृत्य किया। इस अवसर पर पूनम बत्रा, सुमन ठकराल, आशा झांब, किरण गांधी, प्रवीण गेरा, मनीषा खुराना, पिंकी बत्रा, अशोक बत्रा, सुनील ठकराल, नरेश गांधी, भारत भूषण खुराना, प्रिंस ग्रोवर, विशाल चक्रवर्ती, दीपक बधावन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में सचिन मलिक ने महिला मोर्चा की ओर से आगामी कार्यक्रमों के लिए हर तरह के सहयोग की पेशकश की।

# डीएसपी हेडक्वार्टर ने थाना धारूहेड़ा क्षेत्र के सभी पेट्रोल पम्प संचालक, शराब ठेका संचालक व ज्वैलर्स एसोसिएशन के साथ की बैठक।

**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** एसपी गौरव राजपुरोहित के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुए सोमवार को डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविन्द्र सिंह ने थाना धारूहेड़ा में क्षेत्र के सभी पेट्रोल पम्प संचालकों, शराब ठेका संचालकों व ज्वैलर्स एसोशियन के साथ सुरक्षा सबंधी बैठक का आयोजन किया, जिसमें सभी एसोशियन के सदस्यों को आजक्ष कल के हालातों को मध्यनजर रखते हुये सुरक्षा के नजरिए से आवश्यक दिशाझनिर्देश दिए गए।डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविन्द्र सिंह ने बैठक में सभी पेट्रोल पंप एवं ज्वैलरी शॉप संचालकों से रूबरू होते हुए कहा कि अपने जानमाल की सुरक्षा हमारी प्रमुखता होनी चाहिए। उन्होंने कहा की संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए सभी सीसीटीवी कैमरा और उनके डीवीआर को दुरूस्त रखे। साथ ही कहा कि सिक्योरिटी गार्ड्स का सत्यापन जरूर कराएं। सभी अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरा लगवाएं और यह भी सुनिश्चित करें कि वो सभी चालू हालत में हो। समय-समय पर उनकी जांच करते रहें और अगर कोई कैमरा खराब हो जाए तो बिना देरी किए उसकी मरम्मत करवाए। सीसीटीवी का कम से कम 90 दिन का बैकअप अवश्य रखें। इसके साथ ही डीएसपी ने कहा सभी लोग कैमरे को इस प्रकार स्थापित कराएं कि उनके सामने से गुजरने वाले वाहनों की नंबर प्लेट स्पष्ट रूप से दिखाई दे। सीसीटीवी की डीवीआर को ऐसी जगह रखें जहां आसानी से ना पहुंचा जा सके।
बैठक के दौरान पेट्रोल पम्प संचालकों और व्यापारियों ने अपनीझअपनी समस्याएं और सझाव डीएसपी हेडक्वार्टर के सामने रखी, जिन पर उन्होंने कहा कि पुलिस की गश्त को और बढ़ाया जाएगा, जिसको लेकर उन्होंने संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशाझनिर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आपके पास ज्वैलरी बेचने आने वालों के पहचान पत्र अवश्य देखें, साथ ही एक रजिस्टर में उनके नाम, मोबाइल नंबर व एड्रेस अवश्य लिखें और दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल कर उसे वेरीफाई कर लें। बैठक में धारूहेड़ा क्षेत्र के सभी पेट्रोल पम्प संचालक, शराब ठेका संचालक और ज्वेलर्स एसोसिएशन के व्यापारी मौजूद रहे।
बैठक में डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविन्द्र सिंह ने निर्देश दिए कि सभी शराब ठेका संचालक अपनी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें और शराब की अवैध व अनाधिकृत बिक्री से दूर रहें। उन्होंने कहा कि यदि कोई ठेका संचालक अवैध रूप से या नकली शराब बेचते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब व नकली शराब बनाने वालों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और इस कार्य में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा।
इस अवसर पर प्रबन्धक थाना धारूहेड़ा निरीक्षक जगदीश चंद, सीआईए-क्क इंचार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा, प्रबन्धक थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा उप निरीक्षक संजय कुमार, ज्वेलर्स एसोसिएशन प्रधान लक्ष्मण सिंह, पेट्रोल पम्प एसोसिएशन प्रधान अनिल कुमार व धारूहेड़ा में क्षेत्र के अधिकृत शराब विक्रेता सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय रोहिल्ला राजपूत क्षत्रिय संघ के पुनः राष्ट्रीय महासचिव बने रमेश रोहिल्ला

**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**
**रेवाड़ी।** भारतीय रोहिल्ला राजपूत क्षत्रिय संघ की गुरुग्राम में हुई जनरल बॉडी की चुनावी बैठक में जिले के गांव भाड़ावास निवासी रमेश रोहिल्ला को उनकी श्रेष्ठ कार्यप्रणाली व संघ के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्षों के लिए पुनः संघ का राष्ट्रीय महासचिव चुन लिया गया।
संघ के जिला प्रधान विजय सिंह रोहिल्ला के अनुसार भारतीय रोहिल्ला राजपूत क्षत्रिय संघ की जनरल बॉडी चुनावी बैठक हर तीन वर्ष में होती है। रविवार को गुरुग्राम में हुई बैठक में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन रोहिल्ला ने अपनी उम्र व स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अध्यक्ष बने रहने पर असमर्थता जताई। जिसके उपरांत संजय कुमार रोहिल्ला को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा रेवाड़ी जिले के गांव भाड़ावास निवासी रमेश कुमार रोहिल्ला को सर्वसम्मति से पुनः आगामी तीन वर्ष के लिए संघ का राष्ट्रीय महासचिव चुन लिया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में यह बताया गया कि पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय महासचिव रहे रमेश रोहिल्ला ने संघ को तन-मन-धन से साथ आगे बढ़ाने के साथ-साथ इस पौधे को सींचने का कार्य करते हुए वटवृक्ष बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। इसलिए सभी ने उन्हें आगामी तीन वर्षों के लिए राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में इसके अलावा मदनलाल रोहिल्ला को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, रतनलाल रोहिल्ला को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, सुरेंद्र रोहिल्ला को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रवीण कश्यप को राष्ट्रीय सचिव व अशोक बेदी को राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार की जिम्मेवारी सौंपी गई है।राष्ट्रीय महासचिव की पुनः जिम्मेवारी मिलने पर रेवाड़ी लौटे रमेश रोहिल्ला भाड़ावास ने बताया कि संघ ने उनके कार्यों व निष्ठा पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए वे संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे बृजमोहन रोहिल्ला समेत तमाम कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रोहिल्ला राजपूत क्षत्रिय संघ को बुलंदियों पर लेकर जाने तथा देश-विदेश में रहने वाले सभी समाजबंधुओं को एक मंच पर लाने की दिशा में संघ द्वारा किए जा रहे कार्यों को और तेजी प्रदान की जाएगी।
रमेश रोहिल्ला को पुनः राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेवारी सौंपे जाने पर मुकेश रोहिल्ला रामपुरा, जिला संरक्षक नरेंद्र रोहिल्ला, रामनिवास रोहिल्ला, अनिल रोहिल्ला, सुनील रोहिल्ला, आशु रोहिल्ला, मनोज कुमार, भारत सीकरवाल, राजीव रोहिल्ला, दीपक रोहिल्ला सहित पूरी जिला कार्यकारिणी व समाजबंधुओं ने बधाई दी है।

# मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व की रही धूम

कनीना सुनील दीक्षित
कनीना एरिया में जन्माष्टमी का त्योंहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों को सजाकर भव्य झांकी निकाली गई वहीं भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। सत्यनारायण मंदिर गुढा,गौरीशंकर मंदिर खेडी, पुराना ठाकुर जी मंदिर कनीना,सीताराम शिवमंदिर के अलावा भोजावास,धनौंदा, मोहनपुर, भडफ, बागोत मंदिरों में धार्मिक भजनों का आयोजन कर ग्रामीणों ने चरणामृत का प्रसाद ग्रहण किया। मध्यरात तक कार्यक्रम जारी रहे।

## हरियाणवी कल्चर की हर जगह है विशेष पहचानः बीईओ सिवानी

**सिवानी मंडी सोनिका सूरा**
उपमण्डल के निकटवर्ती गांव खेड़ा स्थित आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को खण्ड स्तरीय कल्चरल फेस्ट-2024का आयोजन धूमधाम से किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल परिसर में वाणी और विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिवानी के खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ.सुरेन्द्र सिंह मौजूद रहे। तथा इसकी अध्यक्षता आरोही स्कूल प्रिंसीपल डॉ.संजय कुमार मिश्र ने की।इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बीईओ ने कहा कि समय-समय आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों का चहुंमुखी विकास होता है और उनमें अपनी संस्कृति के प्रति लगाव पैदा होता है।ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है,आज वे हर क्षेत्र में आगे रहते हैं।इसकी जानकारी देते हुए आरोही मॉडल स्कूल के प्राचार्य डॉ.संजय मिश्रा ने बताया कि आज के इस प्रोग्राम में सिवानी खण्ड के विभिन्न स्कूलों से छात्र-छात्राओं ने ग्रुप डांस,सोलो डांस, स्किट और रागिनी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवानी मंडी ने ऑल ओवर विजता की ट्रॉफी हासिल की।कार्यक्रम के अंत में बीईओ सिवानी ने सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा स्कूल प्राचार्य ने सभी आगंतुक मेहमानों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर खण्ड के विभिन्न स्कूलों से प्राचार्य सुरेश कुमार,अनील कुमार,पुष्करदत्त संगीता,अनिता,प्रमोद कुमार,रामधन, राजीव सहित बीईओ कार्यालय से मामराज शर्मा,सुषमा इत्यादि उपस्थित रहे।मंच संचालन महेंद्र सिंह व राकेश ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमन,मीना,पूनम,रुक्मणी,राजेश,सरोज,रोहतास,सुधीर,विनोद,नवीना,नीशाव अनुपम ने जज की भूमिका निभाई।

# दीपक डागर बने जोगी नाथ धर्मशाला के प्रधान

**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** मोहल्ला कुतुबपुर स्थित जोगी नाथ समाज धर्मशाला प्रबंधन कमेटी की एक आम सभा का आयोजन हुआ जिसमें सभा द्वारा नई कार्यकारिणी व पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस प्रक्रिया के लिए सभा द्वारा पहले ही संस्था के सभी सदस्यों को फोन व शोशल मीडिया के माध्यम से सूचना दी गई थी। बैठक में सभा ने अपने कार्यकाल का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया। सभा द्वारा निर्णय लिया गया कि जब कभी किसी को धर्मशाला से संबंधित हिसाब किताब देखने की जरूरत हो तो कम से कम पाँच व्यक्तियो का समूह हो तभी हिसाब किताब दिखाया जायेगा। सदस्यों द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि धर्मशाला के पदाधिकारी 20,000 रुपये तक का खर्च संयम से कर सकते है। 20,000 रुपये से ज्यादा खर्च के लिए कम कम है 06 पदाधिकारियों की सहमति होना अनिवार्य है। प्रधान पद के लिए दीपक डागर पुत्र मगंल राम डागर को मौखिक रूप से सर्वसम्मति से चुना गया। इसी प्रकार मोनू डागर पुत्र महेन्द्र को सचिव पद के लिए चुना गया। हरीश कुमार पुत्र विनोद कुमार को खजांची के तौर पर चुना गया।
कृष्ण डागर पुत्र सुल्तान सिंह को धर्मशाला के संरक्षक के पद पर चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य में सुरेश, सुरेश कुमार शास्त्री, भारतभूषण, सुरेन्द्र कुमार, सुशील कुमार, रवि कुमार, राजकुमार डागर, दीपक कुमार, आशीष, योगेश डागर, अजित डागर को चुना गया।

# भोजावास में दिनदहाडे दुकानदार पर फायर करने के आरोप में पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कनीना सुनील दीक्षित**



बीती 22 अगस्त को कनीना-अटेली मार्ग स्थित गांव भोजावास के बस स्टैंड पर दिनदहाडे दोपहर ढाई बजे एक किराने के दुकानदार पर फायर कर घायल के आरोप में पुलिस ने झिगावन-दुलोठ अहीर क्षेत्र से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें एक राजस्थान का इनामी बदमाश भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा-निदश पर कनीना के डीएसपी दिनेश कुमार के नेतृत्व में सीआईए कनीना, महेंद्रगढ़, साइबर सेल,थाना सदर कनीना की 4 टीमों का गठन किया गया था। जो अपराधियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। डीएसपी दिनेश कुमार ने सोमवार को कनीना सदर थाने में आयोजित मीडिया सेमिनार में वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने कुलदीप उर्फ केडी वासी झिगावन, विनोद उर्फ टाइगर वासी सोहली व संजय उर्फ मर्द वासी सोहली जिला झुंझुनु राजस्थान को कनीना खंड के गांव झिगावन गांव के खेतों से गिरफ्तार किया है जबकि एक आरोपी राजवीर उर्फ धोलिया वासी पठाना को दुलोठ अहीर की बणी से पकड़ा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी विनोद उर्फ टाइगर के विरुध विभिन थानों में हत्या के प्रयास, लूट, लड़ाई-झगड़े के 13 केस दर्ज हैं, जबकि राजवीर उर्फ धोलिया के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में मर्डर, लूट, डकैती, एक्सटोर्शन व लड़ाई झगड़े के 21 केस दर्ज हैं। राजस्थान पुलिस द्वारा राजबीर उर्फ धोलिया पर मर्डर के आरोप में 20 हजार का इनाम रखा हुआ था। इस ईनामी बदमाष को भी हरियाणा पुलिस ने काबू किया है। सभी अपराधियों को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस आरोपियों से सख्ती से पूछताछ कर रही है। आरोपियों से वारदात के समय प्रयोग की गई बोलेरो गाडी, मोबाईल फोन, हथियार आदि बरामद किए जाएगें।
पुलिस पूछताछ में आरोपियों की संख्या में बढोतरी होने की संभावना है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर बदमाशों से जानकारी जुटाई जा रही है। डीएसपी दिनेश कुमार ने कहा कि शांति व्यवस्था को भंग करने तथा अपराध को बढावा देने वाले अपराधियों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस मौके पर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार,अनुसंधान अधिकारी जयभगवान, सिटी थाना इंचार्ज रतन सिंह,विक्रम सिंह उपस्थित थे।

**दुकानदार ने दर्ज कराया था केस भोजावास के दुकानदार सनोज कुमार ने थाना सदर कनीना में शिकायत देकर फायरिंग करने के आरोप लगाए थे। 22 अगस्त को समय करीब 2.30 बजे जब वह दुकान पर बैठा हुआ था, तो एक सफेद रंग की बुलेरो गाडी दुकान के आगे रुकी। जिसमे से आरोपी केडी झिगावन गाडी से नीचे उतरा ओर दुकान में जाकर जान से मारने की नियत से उस पर फायर किया, उसके दाहिने हाथ में गोली लगी। उसके बाद आरोपी बोलेरो गाडी में सवार होकर फरार हो गए थे। पुलिस टीमें आरोपियों के पीदे लगी थी।**

# 5 सितम्बर से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया : डीसी

**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पांच सितंबर से रेवाड़ी, बावल व कोसली विधानसभा क्षेत्रों के एसडीएम कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन के समय उम्मीदवार के साथ चार से अधिक व्यक्ति नहीं होने चाहिए। यह जानकारी डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने दी।
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी ने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 की नामांकन प्रक्रिया 5 से 12 सितंबर तक जारी रहेगी। रविवार 8 सितंबर को नामांकन पत्र नहीं लिए जाएंगे। निर्वाचन आयोग के नियम अनुसार उम्मीदवार की आयु 25 वर्ष और वह हरियाणा प्रदेश का स्थाई निवासी होना चाहिए। प्रदेश की किसी भी विधानसभा मतदाता सूची में उसका नाम होना जरूरी है। उम्मीदवार अगर रजिस्टर्ड पार्टी का है तो उसके लिए एक मतदाता प्रस्तावक होगा तथा निर्दलीय व गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी के प्रत्याशी के साथ दस प्रस्तावक होने चाहिए।
डीसी ने बताया कि उम्मीदवार किसी दूसरे जिला से आकर वहां चुनाव के लिए फार्म भरता है तो वह अपनी वोटर लिस्ट का वेरिफिकेशन करवा कर लाएगा। नामांकन फार्म भरते समय उम्मीदवार को अपनी तीन नवीनतम पासपोर्ट साईज की फोटो, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र की प्रति, चुनाव के लिए खुलवाए गए नए बैंक अकाउंट की कॉपी और एक एफिडेविट देना होगा, जिसे फार्म 26 कहा जाता है। इस शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपनी चल-अचल संपत्ति, ऋण, देनदारी, आपराधिक रिकार्ड का पूर्ण विवरण देना है। उन्होंने बताया कि नामांकन के वक्त प्रत्याशी सहित पांच व्यक्ति ही निर्वाचन अधिकारी कम एसडीएम की कोर्ट परिसर में मौजूद होने चाहिए। एसडीएम कार्यालय से सौ मीटर की दूरी में उम्मीदवार तीन से अधिक वाहन नहीं ला सकता। उम्मीदवार अपने नए बैंक अकाउंट से चुनाव का सारा लेन-देन का कार्य करेगा। चुनाव का हिसाब-किताब रखने के लिए एक खर्चा रजिस्टर उम्मीदवार के पास व एक निर्वाचन कार्यालय में रखा जाएगा। एक प्रत्याशी 40 लाख रुपए इस चुनाव में खर्च कर सकता है। नामांकन के लिए सामान्य उम्मीदवार को दस हजार रुपए और अनुसुचित वर्ग के उम्मीदवार को पांच हजार रुपए की फीस जमा करवानी होगी।



## अभिषेक को खुद नहीं पता था स्त्री 2 के लिए शूट किया था सीन, मुंजा में हो गया इस्तेमाल

अभिषेक बनर्जी की नई फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा रही है और हर दिन ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। एक हालिया साक्षात्कार में उन्होंने स्त्री 2 की सफलता पर बात करने के साथ-साथ अपने करियर और अक्षय कुमार के कैमियो को लेकर कई बातें साझा की। अभिषेक बनर्जी इस बात से काफी खुश हैं कि वो स्त्री के रुप में एक बड़ी फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं, जिस पर लोग जमकर प्यार बरसा रहे हैं और थिएटर में हंस रहे हैं, डांस कर रहे हैं और सीटी बजाकर फिल्म का आनंद ले रहे हैं। इंडियन एक्सप्रेस को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि सोचिए आखिरी बार ऐसा कब देखा गया था कि थिएटर के बाहर फिल्म देखने के लिए लंबी-लंबी लाइन लग रही हो। स्त्री 2 को देखने आ रही लोगों की भीड़ को लेकर अभिषेक बनर्जी कहते हैं कि इस पर यकीन नहीं होता है और ये अवास्तविक स्थिति है। उन्होंने अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग की तारीफ करते हुए कहा कि गरम मसाला उनकी पसंदीदा फिल्मों में से एक है और जब कभी दुखी होते हैं तो इसे देख लेते हैं। अक्षय के कैमियो पर बात करते हुए अभिषेक ने कहा कि जब निर्देशक अमर कौशिक ने उन्हें इस बारे में बताया था तो वो खुशी से उछल पड़े थे। अभिषेक ने बताया कि उन्हें मालूम था कि वो और अक्षय कुमार अपने इस सीन में सुधार करेंगे और सेट पर मिलने के साथ ही उन्होंने इस बारे में सोचना शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि जब वो घर लौटे तो दोस्तों को खुशी से बताया कि भाई मैं अक्षय कुमार के साथ फिल्म करके आया हूं। स्त्री 2 का निर्माण दिनेश विजान की प्रोडक्शन कंपनी मैडॉक फिल्म्स द्वारा किया गया है। यह उनके हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है और खास बात यह है कि अभिषेक बनर्जी ने इस यूनिवर्स की सभी फिल्मों में काम किया है। एक रोचक बात बताते हुए उन्होंने कहा कि मुंजा में उनका जो सीन है, उसे स्त्री 2 के लिए शूट किया था और उन्हें इस बात की कोई खबर नहीं थी कि उसे मुंजा में ले लिया जाएगा।



## मैं और तापसी सच के लिए लड़ते हैं

अपनी बेहतरीन फिल्मों के जरिए लोगों के मन में अमिट छाप छोड़ने वाली राइटर-प्रोड्यूसर कनिता ढिल्लों ने बीते सालों में अनगिनत फिल्में की हैं। वो एक बार फिर से अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर खबरों में हैं। रूमी, मुक्कू, रानी जैसी अपनी शर्तों पर जीने वाली आजाद लड़कियों को पर्दे पर गढ़ने वाली राइटर-प्रड्यूसर कनिका ढिल्लों इन दिनों अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर चर्चा में हैं। इसी साल उनके बैनर की पहली फिल्म दो पत्ती भी ओटीटी पर दस्तक देगी।

**फिल्म एनिमल में नायक के अपनी पत्नी को धोखा देने की काफी आलोचना हुई। आपकी मनमर्जियां की रूमी और हसीन दिलरुबा की रानी भी अपने पति को धोखा देती हैं। फिर भी उनके प्रति सहानुभूति रहती है। आपको नहीं लगता कि उनकी दगाबाजी भी गलत है**

सही और गलत के लिए तो हम यहां आए नहीं है। हम यहां एक इमोशन के लिए बैठे हैं। हम यह देखने के लिए बैठे हैं कि क्या आपने रानी का दर्द, उसका गुस्सा, उसका पश्चाताप महसूस किया हम उसके लिए यहां हैं। हसीन दिलरुबा में आप रानी कश्यप को कभी गलत ठहराते हैं, क्योंकि वह गलत काम करती है। कभी आप उसके दर्द में साथ बहते हैं। कभी अपने मन में उसको डांटते हैं कि ये गलत है। कभी आप उसका पश्चाताप देखते हैं तो उसे प्यार भी करते हैं। मैंने सही-गलत या कोई स्टेटमेंट देने के लिए ये कहानी नहीं लिखी। ये कहानी एक फीलिंग, एक इमोशन के लिए लिखी है।

**राइटर्स हर कहानी के साथ एक दुनिया गढ़ते हैं, फिर उसके पूरे होने पर एक खालीपन से गुजरते हैं, आपका राइटिंग प्रॉसेस क्या रहता है रिशु-रानी की दुनिया में वापस जाना कितना सहज या मुश्किल रहा**

मैं वो खालीपन होने ही नही देती हूं। मैं कहानी से कहानी भागती रहती हूं। कुछ लोग ऐसे लिखते हैं कि हर कहानी में अपना सबकुछ उड़ेल देते हैं। मेरा प्रोसेस उससे बिल्कुल उल्टा है। मैं एक समय में सिर्फ एक कहानी नहीं लिख सकती। मुझे लगता है कि अगर आप कहानी में बहुत ही ज्यादा घुस जाते हैं तो अपका नजरिया कहीं ना कहीं धुंधला जाता है। आप अपने लिखे हुए को निष्पक्ष होकर नहीं देख पाते।



**तापसी के साथ आपने मनमर्जियां, रश्मि रॉकेट, हसीन दिलरुबा के दो पार्ट काफी काम कर लिया। उनके साथ अपने रिश्ते को कैसे देखती हैं और वक्त के साथ उसमें क्या बदलाव पाती हैं**

हमारा रिश्ता वाकई काफी मजबूत है। हमने काफी फिल्में साथ में कर ली हैं। बदलाव ये है कि हर फिल्म के दौरान मुझे लगता है कि जितना मैं सोचती हू कि ये लड़की पागल है, वो उससे ज्यादा पागल निकलती है। यही बात मेरे लिए भी लागू होती है। हममें एक चीज कॉमन है कि हम गलत को गलत कहते हैं और सही के लिए लड़ते हैं। हम आवाज उठाने से डरते नही है और ये चीज बहुत कम लोगों में पाई जाती है। हम एक दूसरे को समझते हैं, इसलिए हमारा एक राइटर-ऐक्टर का बहुत अच्छा रिश्ता है। हम दोस्त भी हैं और ज्यादातर जिस तरह से मैं लिखती हू, उसमें जिन ऐक्टर्स से दोस्ती हो जाती है, उनके लिए और मजे से लिख पाती हू क्योंकि मैं उनकी खूबियां, उनकी कमियां जानती हू। इसीलिए, मैं ज्यादातर जब अपनी कहानियां लिखती हू तो कास्ट करके लिखना पसंद करती हू।



## बिजनेस में पहचान बनाने के लिए विक्की ने किया सपोर्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ फिल्मों में अपने अभिनय के लिए तो मशहूर हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि वह एक उद्यमी भी हैं दरअसल, अभिनेत्री एक मेकअप ब्रांड की मालकिन हैं। एक साक्षात्कार में उन्होंने खुलासा किया कि अभिनय और उद्यमिता के बीच संतुलन बनाना काफी मुश्किल होता है। उन्होंने अपने पैशन के बारे में बात की और बताया कि वह कैसे अपने काम को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। अभिनेत्री कैटरीना कैफ को लगता है कि महिलाओं को अपनी ताकत को समझना जरूरी है। अभिनेत्री के अनुसार केवल मेकअप आत्मविश्वास को बढ़ावा नहीं देता बता दें कि अभिनेत्री उद्यमी फाल्गुनी नायर के साथ ब्यूटी ब्रांड की मालकिन हैं। कैटरीना ने खुलासा किया कि उनके पति, अभिनेता विक्की कौशल कभी-कभी उन्हें अपना फोन डाइनिंग टेबल से दूर रखने के लिए कहते हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'एक अभिनेता और एक उद्यमी के रूप में अपने करियर को संतुलित करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद है, लेकिन साथ ही यह समय भी मांगता है। कई बार मेरे पति (विक्की कौशल) मुझे डिनर टेबल पर फोन रखने के लिए कहते हैं, लेकिन मुझे अक्सर महत्वपूर्ण काम करना होता है। वह समझते हैं कि यह समर्पण अत्यधिक जुनून से आता है।'विक्की कौशल कैटरीना के इस सफर में उनका बड़ा सहारा रहे हैं। वह अक्सर उनकी कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए नजर आते हैं। बता दें कि कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने 9 दिसंबर, 2021 को राजस्थान में अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी की थी।



## 15 सितंबर को नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'अद्भुत' का प्रीमियर

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी फिल्म 'अद्भुत' का प्रीमियर टेलीविजन पर होने वाला है। 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के अभिनेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। अभिनेता ने फिल्म की एक तस्वीर भी साझा की है। फोटो शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा कि साल की सबसे चौंकाने वाली फिल्म का रहस्य उजागर होते देखें। फिल्म का ट्रेलर शनिवार दोपहर 12 बजे रिलीज किया जाएगा। फिल्म का प्रीमियर 15 सितंबर को सोनी मैक्स चैनल पर रात 8 बजे किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन सब्बीर खान ने किया है, जिनके साथ नवाज ने पहले मुन्ना माइकल में काम किया था। यह फिल्म एक मिस्ट्री थ्रिलर है। अद्भुत 15 सितंबर को सोनी मैक्स पर रिलीज होने वाली है। इससे पहले, अभिनेता को स्ट्रीमिंग मूवी रौतू का राज में देखा गया था, जिसमें उन्होंने एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई थी, जो पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर से पीड़ित है। फिल्म को समीक्षकों से तारीफ मिली थी और 28 जून, 2024 को जी5 पर रिलीज किया गया था। नवाज को क्राइम-ड्रामा फिल्म हड्डी में अनुराग कश्यप के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए भी देखा गया था। उन्होंने फिल्म में दोहरी भूमिकाएं निभाईं, जिनमें से एक ट्रांसजेंडर का रोल भी था।

## पाणी के ट्रेलर लांच के लिए मुम्बई पहुँची प्रि्रयंका चोपड़ा



प्रियंका चोपड़ा की मराठी फिल्म 'पानी' 18 अक्टूबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।. ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म के ट्रेलर लॉन्च में शामिल होने के लिए शुक्रवार की सुबह मुंबई पहुंचीं। इस दौरान वे एयरपोर्ट पर काफी स्टाइलिश अंदाज में नजर आईं। इस दौरान ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा ऑल व्हाइट आउटफिट में फैशन गोल सेट करती हुई नजर आईं। प्रियंका ने व्हाइट क्रॉप टॉप के साथ मैचिंग ट्रैक पैंट, लॉन्ग श्रग, डेनिम कैप और व्हाइट शूज पहने थे। उन्होंने इस दौरान मिनिमल मेकअप किया हुआ था और अपने बालों को ओपन छोड़ा था। इस लुक में प्रियंका काफी हसीन लग रही थीं। प्रियंका की ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं और फैंस एक्ट्रेस के कूल लुक को काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही प्रियंका ने अपने मराठी प्रोजेक्ट को लेकर एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर 'पाणी' का मोशन पोस्टर शेयर किया था। आदिनाथ कोठारे द्वारा निर्देशित, 'पाणी' नांदेड़ के सूखाग्रस्त गांव नागदेरवाड़ी के एक साधारण व्यक्ति की कहानी बताती है। फिल्म उनकी यात्रा को दर्शाती है क्योंकि वह कई चुनौतियों के बावजूद गांव को पानी के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश करते हैं।



## वीडी 14 को लेकर आया नया अपडेट, क्या फिल्म में डबल रोल निभाएंगे विजय देवरकोंडा ?

विजय देवरकोंडा की आगामी फिल्म वीडी 14 को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म मे वह डबल रोल में नजर आएंगे। फैमिली स्टार के फ्लॉप होने के बाद हाल ही में विजय देवरकोंडा ने कल्कि 2898 एडी में एक विशिष्ट भूमिका निभाई थी। अर्जुन के रूप में उनके अभिनय को लोगों ने खूब पसंद किया था। इस फिल्म के बाद अभिनेता की एक और फिल्म को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

फिल्म का अस्थाई नाम वीडी 14 है। यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें विजय अपनी अदाकारी का जलवा दिखाते नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म अभी प्रोडक्शन के शुरुआती चरण में है।

रिपोर्ट्स की मानें तो अगले साल की पहली छमाही तक इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। दावे के मुताबिक फिल्म मे विजय पिता और पुत्र के किरदार में दिखेंगे। फिल्म की कहानी को ब्रिटिश काल के इर्द-गिर्द बुना गया है, जिसे फ्लैशबैक दृश्यों के माध्यम से लोगों के सामने रोचक अंदाज में पेश करने की कोशिश की जाएगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में पिता का किरदार शक्तिशाली व्यक्ति के रूप में चित्रित किया जा सकता है। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने अभी तक इन रिपोर्ट्स की पुष्टि नहीं की है इस साल मई में विजय ने अपनी इस फिल्म का एक पोस्टर साझा किया था। इसके लिखा था, महाकाव्य लिखे नहीं जाते, वे नायकों के खून में उकेरे जाते हैं। पोस्टर में सूखी जमीन पर एक योद्धा की प्राचीन मूर्ति दिखाई दी थी, जो अपने घोड़े पर सवार है और तलवार थामे हुए है। फिल्म में कहानी 1854 से 1878 के बीच की दिखाए जाने की उम्मीद है। विजय देवरकोंडा और राहुल सांकृत्यायन ने इससे पहले 2018 की फिल्म टैक्सीवाला में साथ काम किया था, जिसमें प्रियंका जावलकर, मालविका नायर, मधुनंदन, रवि वर्मा, शिजू ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं।

## जब अल्लू अर्जुन ने प्रभास से की थी ऋतिक की तुलना



साउथ और बॉलीवुड स्टार्स हमेशा से ही प्रशंसकों के बीच काफी प्रसिद्ध रहे हैं। उनसे जुड़ी हर एक खबर पर भी उनके प्रशंसकों की नजर रहती हैं। अब एक अल्लु अर्जुन का थ्रोबैक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह ऋतिक रोशन और प्रभास की तुलना करते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, यह वीडियो इस बीच सामने आया है क्योंकि हाल ही में अरशद वारसी ने फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर प्रभास के बारे में टिप्पणी की थी, जो प्रभास के प्रशंसकों को बिल्कुल भी पसंद नही आई। कल्कि 2898 एडी में प्रभास की भूमिका के बारे में अरशद वारसी की टिप्पणियों ने हलचल मचाना जारी रखा है। एक थ्रोबैक वीडियो सामने आया है जिसमें अल्लु अर्जुन अभिनेता ऋतिक रोशन और प्रभास की तुलना आपस में कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब अल्लु अर्जुन ने ऋतिक और प्रभास की तुलना में कहा कि प्रभास के आगे ऋतिक रोशन कुछ भी नहीं है उस दौरान वहां पर निर्देशक एसएस राजामौली के अलावा कई साउथ सिनेमा के दिग्गज मौजूद थे। ऋतिक रोशन को प्रभास से कमतर बताने की अल्लु की क्या वजह रही होगी, यह तो कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन अल्लु की इन बातों से प्रभास के प्रति उनका प्रेम साफ झलकता नजर आया।